भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-184**

उत्तर देने की तारीख- 01.12.2025

**आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा)**

**†184. श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) आंध्र प्रदेश राज्य में पीएम-उषा के एमईआरयू (बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय) तथा एनएमडीसी (नए मॉडल डिग्री कॉलेज) घटकों के अंतर्गत अनुमोदित संस्थानों के नाम और उनके जिला-वार ब्यौरे क्या हैं;

(ख) अनुमोदन की तिथि, आवंटित निधि, जारी की गई निधि तथा अब तक उपयोग की गई निधि सहित इन परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) आंध्र प्रदेश में मौजूदा विश्वविद्यालयों और महाविद्यालयों को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अनुदानों के लिए आवंटित, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है, तथा इन अनुदानों के अंतर्गत आने वाले संबंधित संस्थान कौन-कौन से हैं;

(घ) आन्ध्र प्रदेश में उच्चतर शिक्षा संस्थानों में लैंगिक समानता और समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए पीएम-उषा के अंतर्गत कौन-कौन से कार्यक्रम शुरू किए गए, नियोजित या प्रस्तावित हैं; और

(ङ) राज्य में पीएम-उषा के अंतर्गत लंबित प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है और विलंब के क्या कारण हैं और अनुमोदन और कार्यान्वयन के लिए अपेक्षित समय-सीमा क्या है?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(डॉ. सुकान्त मजूमदार)**

(क) और (ख): सरकार ने जून 2023 में प्रधान मंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा) के रूप में वर्ष 2023-24 से 2025-26 की अवधि के लिए 12926.10 करोड़ रुपये के परिव्यय के

साथ राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रुसा) का तीसरा चरण शुरू किया है, जिसमें शैक्षिक रूप से असेवित/अल्पसेवित क्षेत्रों की जरूरतों को पूरा करने के लिए रुसा के पहले चरणों की प्रतिबद्ध देनदारियां भी शामिल हैं। इस योजना के तहत विभिन्न घटकों के अंतर्गत कुल 8168.51 करोड़ रुपये की राशि के साथ सभी 613 इकाइयों को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

पीएम-उषा के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में, चित्तूर जिले में एक विश्वविद्यालय, श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय, तिरूपति (यू-0034) को दिनांक 17.01.2024 को आयोजित पीएम-उषा की पहली पीएबी बैठक में बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय (एमईआरयू) घटक के तहत 100 करोड़ रुपये की सहायता हेतु अनुमोदन प्रदान किया गया था।

योजना के दिशानिर्देशानुसार, जिन जिलों में कोई सरकारी उच्चतर शिक्षा संस्थान (एचईआई) नहीं है, वे एनएमडीसी घटक के तहत नए मॉडल डिग्री कॉलेजों (एनएमडीसी) की स्थापना के लिए पात्र थे। आंध्र प्रदेश राज्य ने घटक के तहत 11 प्रस्ताव प्रस्तुत किए, तथापि, अयोग्य होने के कारण, राज्य में कोई भी इकाई अनुमोदित नहीं हुई, क्योंकि सभी जिलों में सरकारी उच्चतर शिक्षा संस्थान थे।

आंध्र प्रदेश राज्य ने वित्त वर्ष 2024-25 में पीएफएमएस के एसएनए-स्पर्श मॉडल को अपनाया है। एसएनए-स्पर्श मॉडल के तहत, विक्रेताओं और लाभार्थियों को पीएफएमएस पोर्टल पर बिल जमा करने के आधार पर दैनिक स्वीकृति जारी करने के माध्यम से सीधे भुगतान प्राप्त होता है। वर्तमान वित्तीय वर्ष में, आंध्र प्रदेश राज्य को 94.84 करोड़ रुपये की वार्षिक राशि आवंटित की गई है, जिसकी तुलना में राज्य को 47.42 करोड़ रुपये की मूल स्वीकृति जारी की गई है। अब तक, राज्य ने पीएफएमएस पोर्टल (दिनांक 27.11.2025 तक की स्थिति के अनुसार) पर बिलों की प्रस्तुति की तुलना में 20.82 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया है । राज्य द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, विश्वविद्यालय ने अब तक 5.63 करोड़ रुपये की राशि का उपयोग किया है।

(ग): पीएम-उषा के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य में, 378.75 करोड़ रुपये के साथ कुल 33 इकाइयों को अनुमोदन प्रदान किया गया है, जिसमें 7 विश्वविद्यालय (एमईआरयू के तहत 1 और विश्वविद्यालय सुदृढ़ीकरण अनुदान (जीएसयू) घटक के तहत 6), कॉलेज सुदृढ़ीकरण अनुदान (जीएससी) घटक के तहत 21 कॉलेज तथा लैंगिक समावेशन और समता पहल (जीआईईआई) घटक के तहत 5 जिले शामिल हैं। पीएम-उषा के तहत अनुमोदित और उपयोग की गई राशि का संस्थान-वार विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(घ): पीएम-उषा के जीआईईआई घटक का उद्देश्य महिलाओं और अन्य अल्प-प्रतिनिधित्व समूहों के लिए उच्चतर शिक्षा में पहुंच, समता और समावेश को बढ़ावा देना तथा छात्राओं के लिए छात्रावासों और शौचालयों के निर्माण, एसटीईएम पाठ्यक्रमों में बालिकाओं की भागीदारी को प्रोत्साहन, बालिकाओं को आत्म-रक्षा का प्रशिक्षण आदि जैसी पहलों के लिए सहायता प्रदान करना है। इस घटक के तहत, आंध्र प्रदेश राज्य को कुल 50 करोड़ रुपये की राशि के साथ 5 इकाइयों को अनुमोदन प्रदान किया गया है।

(ङ): आंध्र प्रदेश राज्य द्वारा पीएम-उषा पोर्टल पर विभिन्न घटकों के तहत प्रस्तुत सभी प्रस्तावों की जांच की गई और इन्हें परियोजना अनुमोदन बोर्ड (पीएबी) के समक्ष विचार एवं अनुमोदन के लिए रखा गया। योजना के तहत, सभी 613 इकाइयों को अनुमोदित किया जा चुका है और राज्य से कोई भी प्रस्ताव लंबित नहीं है।

*****

**अनुलग्नक**

**माननीय संसद सदस्य श्री अप्पलनायडू कलिसेट्टी द्वारा "आंध्र प्रदेश में प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम-उषा)" के संबंध में दिनांक 01.12.2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 184 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

पीएम-उषा के तहत आंध्र प्रदेश राज्य में अनुमोदित और उपयोग की गई राशि का संस्था-वार ब्यौरा

| क्र. सं. | अनुमोदित इकाइयों की संख्या | घटक का नाम | विश्वविद्यालय/कॉलेज/जिले का नाम | अनुमोदित राशि (करोड़ में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1 | बहु-विषयक शिक्षा और अनुसंधान विश्वविद्यालय | श्री पद्मावती महिला विश्वविद्यालय, तिरुपति | 100 | 5.63 |
| 2 | 6 | विश्वविद्याल सुदृढ़ीकरण अनुदान | श्री कृष्णदेवराय विश्वविद्यालय, अनंतपुर | 20 | शून्य |
| | | | आदिकावी नन्नैया विश्वविद्यालय, राजमुंदरी, ईस्ट गोदावरी | 20 | 0.17 |
| | | | योगी वेमना विश्वविद्यालय, कडप्पा | 20 | शून्य |
| | | | कृष्णा विश्वविद्यालय, मच्छिलीपट्टनम | 20 | शून्य |
| | | | विक्रम सिम्हापुरी विश्वविद्यालय, नेल्लोर | 20 | शून्य |
| | | | डॉ. बी.आर. अम्बेडकर विश्वविद्यालय, एटचेर्ला | 20 | शून्य |
| 3 | 21 | कालेज सुदृढ़ीकरण अनुदान | सरकारी डिग्री कॉलेज, चिंतापल्ली (सी-23896) | 5 | 1.0025 |
| | | | **सरकारी डिग्री कॉलेज, ताड़िपत्री** | 5 | 2.9 |

| क्र. सं. | अनुमोदित इकाइयों की संख्या | घटक का नाम | विश्वविद्यालय/कॉलेज/जिले का नाम | अनुमोदित राशि (करोड़ में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | (सी-30939) | | |
| | | | बी.टी. कॉलेज, मदनपल्ली (सी-27806) | 5 | 1.2 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज कुप्पम ग्रामीण सह-शिक्षा (सी-27671) | 5 | 1.44 |
| | | | एस.वी.डी. सरकारी महिला डिग्री कॉलेज (सी-23976) | 5 | 1.19 |
| | | | एस.ए.एस. सरकारी डिग्री कॉलेज, नारायणपुरम (सी-24456) | 5 | 1.91 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, येलेश्वरम (सी-23965) | 5 | 0.92 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, रामचन्द्रपुरम (सी-51923) | 5 | 0.14 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, बंटुमिली (सी-25297) | 5 | 1.11 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, बंगनपल्ली (सी-26315) | 5 | 0.72 |
| | | | डॉ. लाकिरेड्डी हनीमीरेड्डी सरकारी डिग्री कॉलेज, मायलावरम (सी-25365) | 5 | 0.72 |
| | | | श्री वेंकटेश्वर डिग्री कॉलेज, पार्वतीपुरम, विजयनगरम (सी-35747) | 5 | 0.59 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, कनिगिरि(सी-32748) | 5 | 2.12 |

| क्र. सं. | अनुमोदित इकाइयों की संख्या | घटक का नाम | विश्वविद्यालय/कॉलेज/जिले का नाम | अनुमोदित राशि (करोड़ में) | उपयोग की गई राशि (करोड़ में) |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, उदयगिरि (सी-24796) | 5 | 0.67 |
| | | | एनएसपीआर सरकारी महिला डिग्री कॉलेज, हिंदूपुर (सी-30920) | 5 | 0.78 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, अमादलावलसा (सी-24924) | 5 | 0.26 |
| | | | सरकारी महिला डिग्री कॉलेज श्री कलाहस्ती अर्बन (सी-27767) | 5 | 0.82 |
| | | | सरकारी महिला डिग्री कॉलेज तगारपुवलसा (सी-67613) | 5 | 0.64 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज, पोरुमामिला (सी-30251) | 5 | 0.56 |
| | | | सरकारी डिग्री कॉलेज चिंटूरू | 5 | 0.07 |
| | | | एस.के.वी.टी. डिग्री कॉलेज | 5 | 0.2 |
| 4 | 5 | लैंगिक समावेशन और समता पहल | अनंतपुर | 10 | 1.56 |
| | | | विजयनगरम | 10 | 0.12 |
| | | | अल्लुरी सीताराम राजू | 10 | 0.16 |
| | | | कृष्णा | 10 | 0.35 |
| | | | वाई.एस.आर | 10 | 0.20 |
| **कुल** | **33** | - | - | **375** | **28.15** |
| **प्रबंधन, निगरानी, मूल्यांकन, और अनुसंधान (एमएमईआर)** | | | | **3.75** | - |
| **सकल योग** | | | | **378.75** | **28.15** |